एक नजर में

नगर में चलित सुंदरकांड पारायण किया

जीरापुर 23 जनवरी, सं. विगत 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीरामलला कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया गया था. श्रीबजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़ के समस्त सदस्य तथा श्रद्धालु भक्त किशनगढ़ चोक में एकत्रित हुए जहां पर पूजा अर्चना एवं आव्हान करके संगीतमय चलित सुंदरकांड पारायण शुरू किया जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए अपने गंतव्य स्थान पहुंचा. मध्य रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं हनुमान जी कि पूजा आराधना लोगों द्वारा की गई.

धनक मुनि जयंती पर निकली शोभायात्रा

नरसिंहगढ़ 23 जनवरी, सं. गुरु महाराज धनक मुनि जयंती अवसर पर गुरुवार को वंशकार धानुक समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई. यह शोभायात्रा नरसिंहगढ़ नगर में पहली बार आयोजित की गई. शोभायात्रा का शुभारंभ प्रातः नरसिंह स्टेडियम से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मेला बाग स्थित सामुदायिक भवन पहुंची. पूरे मार्ग में समाजजनों एवं नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया. कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष वी.पी. बंसल, वरिष्ठ समाजसेवी एवं एडवोकेट मधुराज, पूर्व विधायक सांसद धनश्याम पिरोनिया, एसडीएम नथूलाल, सुशील कुमार, सुधीर कशवाय, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण वंशकार सहित समाजबंधुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही. आयोजन में ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल वंशकार, नगर अध्यक्ष संदीप वंशकार, वरिष्ठ समाजसेवी रमेश वंशकार, डॉ. एम.एल. वंशकार, अशोक, महेश वंशकार सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे. मंच संचालन डॉ. एम.एल. वंशकार द्वारा किया गया.

नेताजी जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

नरसिंहगढ़ 23 जनवरी, सं. शुक्रवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर सुभाष चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए. निर्माण मजदूर पंचायत संगठन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने माल्यार्पण कर नेताजी को नमन किया. इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में नेताजी के विचार युवाओं और श्रमिक वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत हैं. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने नेताजी के आदर्शों पर चलने और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प भी लिया.

गोघटपुर में विद्यारंभ संस्कार का आयोजन

माचलपुर 23 जनवरी, सं. समीप ग्राम गोघटपुर में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यारंभ संस्कार, मां सरस्वती जन्मोत्सव का अयोजन किया गया. जिसमे मुख्य अतिथि ग्राम भारती शिक्षा समिति राजगढ़ के जिला सचिव इंदर सिंह परमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यकम की शुरुआत की. जिसमें यज्ञ वेदी हवन की गई. विद्यारंभ संस्कार में 12 भैया बहनों की सहभागिता रही ,और उनके द्वारा इस शुभ अवसर पर कागज पर लिखा गया.

पारिवारिक कलह में कुल्हाड़ी से हमला

पति द्वारा हमले के बाद गंभीर हालत में महिला को रेफर किया

राजगढ़ कोतवाली के दिलावरी गांव की घटना, पति की तलाश में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 23 जनवरी, का. राजगढ़ कोतवाली के तहत आने वाले ग्राम दिलावरी में गुरुवार की रात्रि को अपने घर में सो रही महिला पर उसी के पति ने कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया.

पुलिस के अनुसार 22 जनवरी की रात्रि करीब 11 बजे ग्राम दिलावरी में महिला शैतानबाई पत्नी देवसिंह उम्र 40 वर्ष खाना खाने के बाद सो रही थी. महिला के बेटे भी वहां सो रहे थे. तभी महिला का पति पहुंचा और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. चेहरे पर किए कुल्हाड़ी के वार से महिला के गाल पर दोनों और गंभीर चोट आई. हमले से गाल पर गहरा घाव हो गये. जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बाहर रेफर किया गया. घटना के बाद हमलावर मौके पर से फरार हो गया. महिला के बेटे भी घटना के दौरान वहीं पर सो रहे थे जो तुरंत महिला को लेकर जिला चिकिल्सालय पहुंचे. महिला का बेटा मुकेश वाहन से महिला को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा जहां डॉक्टर द्वारा उपचार किया गया. जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची. महिला के बेहोश होने से उसके बयान नहीं हो सके है.

बच्चों के साथ गांव में रहती है महिला

प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला एवं उसका पति चार-पांच सालों से अपने खेत पर मौजूद मकान में रहते थे. जबकि इनके पांच बेटे एवं चार बेटी गांव में स्थित घर में रहते है. किंतु कुछ समय से महिला गांव में आकर अपने बच्चों के साथ रहने लगी थी. इसी बीच गुरुवार की रात्रि को महिला का पति आया और उस पर हमला कर दिया.

पति की तलाश में जुटी पुलिस- फरियादी मुकेश तंवर की रिपोर्ट पर पुलिस ने हमला करने वाले पति के विरुद्ध धारा 307 के तहत प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है. रात्रि में ही थाना प्रभारी द्वारा पुलिस टीम के साथ हमलावर की तलाश शुरु कर दी गई.

निलम्बन नोटिस दिए जाने पर पटवारी हुए लामबंद

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 23 जनवरी, का. मध्य प्रदेश पटवारी संघ के द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया. जिसमें कहा गया कि जिले में पदस्थ पटवारियों को बिना सुने ही अकारण निलम्बित किया जा रहा है, जीरापुर, नरसिंहगढ़, सुठालिया, खिलचीपुर, तहसील सुठालिया में पटवारियों को निलम्बन का नोटिस जारी किया गया है. जिसमें न्याय संगत सुनवाई का अभाव रहा. पर्याप्त सुनवाई का अधिकार प्राकृतिक न्याय का एक मौलिक सिद्धांत है. किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कोई निर्णय लेने से पूर्व पक्ष रखने का उचित अवसर दिया जाये. यह निषपक्ष प्रक्रिया का हिस्सा है. जिले में पदस्थ पटवारियों की सेवा अवधि 10 से 20 वर्ष हो जाने के उपरान्त भी प्रथम/द्वितीय समयमान वेतनमान का लाभ आज दिनांक तक नही दिया गया है. सिंचाई संघणना, कृषि संगणना, स्वामित्व योजना का मानदेय भुगतान किया जाये. फार्मर आईडी अधिकांश कृषकों की बनाई जा चुकी है इसके बाद भी फार्मर आईडी से शेष कृषको की सूची में उनका नाम आ रहा है, जिससे जिले के प्रतिशत में गिरावट आ रही है. सार्थक ऐप पर उपस्थिति की बाध्यता समाप्त की जाये आदि मांगे शामिल है. उपरोक्त विषयों का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई है.

सरस्वती वंदना के साथ किया वसंत का स्वागत

बसंत पंचमी पर श्रद्धा, भक्तिभाव के साथ मनाई फलौदी जयंति

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 23 जनवरी, का. बसंत पंचमी का पर्व नगर सहित जिले भर में श्रद्धा, भक्तिभाव के साथ मनाया गया. नगर में परंपरानुसार माँ फलौदी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई.

रथ में सवार होकर माँ फलौदी भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकली. प्रातः के समय नगर में वाहन रैली निकालकर स्थानीय शासकीय सिविल अस्पताल में मरीजों को फल वितरत किए गये. इसके बाद गोरधन चौक जूना ब्यावरा से शोभायात्रा प्रारंभ हुई. शोभायात्रा का रास्ते भर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया. विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक, सेवाभावी संगठनों, राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, श्रद्धालुओं के द्वारा स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया.

सामुहिक महाआरती की- प्रमुख मार्गो से होते हुए शोभायात्रा मुल्तानपुरा स्थित माधव जीन पहुंची. जहां पर धार्मिक, सामाजिक आयोजन हुए. परिजनों के साथ पूजा-अर्चना की तथा महाआरती का आयोजन हुआ. बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति दी गई. इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनदास करोड़िया, पुरुषोत्तम गुप्ता, बालकृष्ण करोड़िया, कैलाश गुप्ता फलौदी एजेंसी, रामबाबू किल्ला वाले, रामेश्वर पगारा वाले, गिरिराज सिंगी, पुरुषोत्तम गुप्ता फलौदी, गिरिश गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, ब्रजमोहन, हरीश नटराज, दिलीप क्वालिटी, नवयुवक संघ अध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता, कमलेश गुप्ता, आशीष घाटी वाले, रणछोड़ करोड़िया, द्वारका गुप्ता, विनोद गुप्ता, बालकृष्ण करोड़िया, राजकुमार गुप्ता मलावर वाले, पुरुषोत्तम तालौडी वाले, श्री नाथ भैंसाना वाले, गोपाल भीलवाडिया वाले, अंकुर, चेतन जुलानिया, नितेश, अर्पित गुप्ता, दीपेश भानेज, गिरिराज गुप्ता मलावर वाले, अनिल, राहुल, तनु, आदित्य, मोहन, सोनू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति, समाज बंधु उपस्थित रहे.

बसंत पंचमी पर खाटू श्याम मंदिर में लगी भीड़

स्थानीय श्री खाटू श्याम मंदिर में बसंत पंचमी पर विशेष धार्मिक आयोजन हुए. श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही. सुबह से ही दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रही. भजन, जयकारे गूंज उठे. इस शुभ दिन पर श्री खाटू श्याम जी के गले में वर्षभर विराजमान रहने वाले पीतांबरी वस्त्रों को विधि-विधान के साथ बदला गया. इन पुराने पीतांबरी वस्त्रों को बाद में प्रसाद स्वरूप श्रद्धालुओं में वितरित किया गया. मान्यता है कि बाबा के इन वस्त्रों के दर्शन और प्राप्ति से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है. जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है. सुबह आरती के पश्चात पीतांबरी वितरण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.

धूमधाम से मनाई मां फलौदी जयंति

पड़ाना 23 जनवरी, सं. मेडतवाल समाजजनों द्वारा कुल देवी श्री फलोदी माता की जयंती पर तलेन रोड से मां फलोदी की आकर्षक झांकी सजाकर विधिवत पूजा अर्चना कर आतिशबाजी ढोल धमाके इत्यादि के साथ समाज जनों द्वारा एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया. शोभायात्रा का विभिन्न सामाजिक संगठन पुष्प वर्षा से शोभायात्रा का स्वागत किया. इस मौके पर समाज की महिलाएं, युवक, युवतियां और पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए.

शिशु मंदिर में मनाई सरस्वती जयंति

तलेन 23 जनवरी, सं. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सरस्वती के प्राकट्योत्सव बसंतट्टपंचमी पर्व के पावन अवसर पर वेदो की यात्रा निकाली गई. सरस्वती का पूजन तथा पंचकुण्डी यज्ञ विद्यारम्भ संस्कार यज्ञ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. शोभा यात्रा गायत्री

मन्दिर से प्रारंभ होकर विद्यालय पहुंची. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जुगल किशोर शर्मा, समिति सदस्य, अभिभावक, आचार्य परिवार एवं भैया बहिन की गरिमामयी उपस्थिति रही.

निर्विन्ध्या महाविद्यालय में धार्मिक आयोजन

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 23 जनवरी, का. बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में स्थानीय निर्विन्ध्या महाविद्यालय में धार्मिक आयोजन के चलते सुंदरकाण्ड के पाठ किया गया. बड़ी संख्या में स्टॉफ सदस्यों, विद्यार्थियों, श्रद्धालुओं ने पाठ किया. प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी निर्विन्ध्या महाविद्यालय में बसंत पंचमी का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया. स्टॉफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना की. संचालक कुलदीप सक्सेना द्वारा दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती की आरती वंदना की गई. उसके पश्चात ब्यावरा की मंडली द्वारा सुंदरकाण्ड का पाठ संगीतमय किया गया. समूचा वातावरण धर्ममय हो गया.

अब आसान होगा शवयात्रा निकालना

नवभारत ने प्रमुखता से उठाई थी समस्या

नवभारत न्यूज

जीरापुर 23 जनवरी, सं. नगर के पीपल्दा रोड स्थित मुक्तिधाम एवं कब्रिस्तान मार्ग जो बदहाली का शिकार होकर शवयात्रा में जाने के लिए लोगों को काफी मशक्कत एवं परेशानी झेलना पड़ती है. मुक्तिधाम तक का मार्ग पुरा उखड़ कर ऊबड़-खाबड़ गिट्टी निकल गई थी शव यात्रा के दौरान लोग नंगे पांव चलने के कारण कहीं बार चोटिले हो जातें थे. इस गंभीर समस्या को लेकर कहीं आम नागरिक सहित नगर के नागरिक पत्रकारों ने नगर परिषद को इस समस्या से 7 जनवरी को नगर परिषद का ध्यान प्रमुखता से नवभारत समाचार पत्र ने समाचार के माध्यम से कराया था. मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय को निर्देश दिए तथा समस्या पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुक्तिधाम मार्ग का कार्य प्रारंभ करवाया. जिससे शवयात्रा एवं उस मार्ग से गुजरने वाले आम लोगों को निजात मिलेगी. सीएमओ हरीओम शर्मा ने बताया कि नगर में विभिन्न वार्डों में भी मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के तहत लगभग 1 किलोमीटर के सीसी रोड का कार्य एक करोड रुपए की लागत से करवाया जा रहा है निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि शिव मंडलोई द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया एवं कार्य की गुणवत्ता के लिए संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए गए.

शांतिकुंज मार्गदर्शन में अखंड शताब्दी वर्ष समारोह संपन्न

नरसिंहगढ़ 23 जनवरी, सं. शांतिकुंज, हरिद्वार के मार्गदर्शन में शुक्रवार को वसंत पंचमी के पावन अवसर पर अखंड शताब्दी वर्ष समारोह श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ. अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूर्ण होने, परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के शताब्दी अवतरण दिवस तथा आचार्य श्रीराम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक जन्मदिवस एवं उनके तप के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया. प्रात:काल माँ गायत्री हवन एवं विभिन्न संस्कार सम्पन्न हुए. इसके पश्चात ज्ञान यज्ञ की मशाल की प्रतिष्ठा, पूजन एवं वंदन किया गया.

सरस्वती पूजन के साथ हुआ विद्यारंभ संस्कार

सुठालिया 23 जनवरी, सं. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर यज्ञ हवन वेद पूजन के साथ छोटे भैया बहिनों का विद्यारंभ संस्कार शुरू करवाया गया. शिशु वाटिका की बारह शैक्षिक व्यवस्थाएं क्रीड़ांगन, रंगमंच, बाल वाटिका, चिडियाघर, विज्ञान प्रयोगशाला, कला शाला आदि सजाई गई. शिशुओं ने माता के साथ यज्ञ में आहुति दी. नगर में ढोल ढामाको के साथ शोभायात्रा निकली गई जिसमें छोटे-छोटे भैया बहनों ने वेदों को सर पर रखा. शोभा यात्रा नगर के राम मंदिर में वेदों की पूजन कर शुरू हुई और नगर में मुख्य चौराहों से होते हुए विद्यालय में समापन हुआ. शिशु वाटिका के निमित्त शिशुओ के लिए स्मार्ट कक्षा कक्ष का भी उद्घाटन किया गया. कार्यकम में मुख्य अतिथि पुष्पा पवांर, मुख्य वक्ता शिक्षिका रीना परमार, विशेष अतिथि पूजा शर्मा, विनीता साहू, सरिता पालीवाल, प्रीति चंदेल रही.

महर्षि पब्लिक स्कूल में बसंत महोत्सव मनाया

जीरापुर 23 जनवरी, सं. महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में बसंत महोत्सव मां सरस्वती का प्राकट्य दिवस एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के रूप में मनाया गया. मुख्य अतिथि संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, विशेष अतिथि डॉक्टर बी एल गुर्जर, विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर शिवचरण दांगी, अध्यक्षता संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर ने की. संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां सरस्वती का यह प्राकट्य उत्सव ऐसा शुभ दिन है प्रकृति भी उनका स्वागत पीले वस्त्र धारण कर करती है. आज से प्रकृति का वातावरण भी परिवर्तन होता है और नवीन कार्यों को करने के लिए शुभ दिवस की शुरुआत होती है. संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार ने कहा कि बसंत पंचमी को मां सरस्वती एवं मां फलौदी का प्राकट्य उत्सव है सरस्वती विद्या की देवी हैं हर विद्यार्थियों को प्रतिदिन मां सरस्वती को नमन करें और आशीर्वाद लेकर अपनी पढ़ाई को आगे बढ़ाये ताकि आपका भविष्य उज्जवल होता रहे. संस्था डायरेक्टर शिवचरण दांगी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बारे में कहा कि उन्होंने हिंद आजाद फौज की स्थापना की. देश की आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी. ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की विष्णु जी ने संरक्षण किया शिव जी ने परिवर्तन किया लेकिन प्रकृति में सुना सुना लग रहा था तो देवी मां दुर्गा मां सरस्वती का प्रकट हुआ उसी दिन से ब्रह्मांड में स्वर के राग का आगमन हुआ. संचालन शिक्षक दिलीप राठौर ने किया.

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

सारंगपुर 23 जनवरी, सं. राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के मुख्य अतिथ्य में श्रीश्याम परिवार के सहयोग से अमलतास अस्पताल देवास द्वारा श्रीबालाजी मैरिज गार्डन में जनहित में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. वही श्रीश्याम सेवा समिति सारंगपुर अध्यक्ष निलेश वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए इस शिविर में हृदय, कैंसर और मस्तिष्क रोग जैसी कई गंभीर बीमारियों का नि:शुल्क परामर्श और सोनोग्राफी, इसीजी, एक्सरे, खून पेशाब की जांच की गई. जिसमे नगर सहित हजारों ग्रामीण जनो ने नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ लिया. इस शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल महेश पुष्पद सहित एस डी एम, एसडीओपी विशेष अतिथि के रुप में अपनी सहभागिता दी. इस मौके पर श्याम परिवार के सदस्य दिनेश राठौर, महेश पाटीदार, मनीष चौरसिया, प्रकाश सोनी, जितेंद्र मालवीय, अंशुल पुष्पद, हरीश पुष्पद, विजय अटनेरी, संतोष विश्वकर्मा, गुंजन सोनी आदि शामिल रहे.

समस्या अतिक्रमण से घिरे नाले में सफाई के लिए जेसीबी भी नहीं उतर पाती

सालों से नहीं हुई नाले की सफाई, महामारी का डर

,नवभारत न्यूज

ब्यावरा 23 जनवरी, का. नगर का मुख्य नाला अतिक्रमण की चपेट में पूरी तरह घिर चुका है, हालात यह है कि अधिकांश स्थानों पर इतनी भी जगह नहीं बची है कि नाले की सफाई के लिए जेसीबी, पोकलेन मशीन उतर सके. इसके चलते कई स्थानों पर नाले की सफाई हुए सालों हो चुके है. नाले में भारी गंदगी के कारण महामारी फैलने का डर बना रहता है. गंदगी और उठती दुर्गंध के कारण आसपास के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. गौरतलब है कि सुठालिया रोड से जूना ब्यावरा, अहिंसा द्वार पुल से होते हुए यह नाला सिविल अस्पताल रोड पुल के यहां नदी में जाकर मिलता है. अधिकांशत: नाला अतिक्रमण से घिरा हुआ देखा जा सकता है. पूर्व में सफाई के लिए नाले में जेसीबी मशीन उतर जाया करती थी किंतु कुछ सालो से जेसीबी उतरने तक की जगह नहीं होने से कई जगह नाले की सफाई तक नहीं हो सकी है.

दिनों दिन मलबे, कचरे से पट रहा नाला- आर्य समाज चौक में जैन मंदिर के समीप पुलिया के यहां नाले मे काफी मलबा, कचरा जमा है. यहां की सफाई हुए सालों हो चुका है, क्योंकि यहां जेसीबी, पोकलेन मशीन उतरने की जगह नहीं बची है. आज से पांच-आठ साल पूर्व तक यहां नाले में जेसीबी उतराकर सफाई कराई जाती थी लेकिन अब मशीन उतरना का रास्ता तक नहीं बचा है, जिससे सालों से सफाई नहीं होने के कारण भारी गंदगी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है. नाला मलबे, कचरे से उथला हो रहा है. मच्छर, कीटाणु पनप रहे है, ये हालात महामारी को आमंत्रण देते नजर आ रहे है. **नालियां भी अतिक्रमण की चपेट में-** जहां नगर में मौजूद नालियों की सफाई हुई एक माह तक का समय गुजर जाता है, वहीं कई जगह नालियों के अतिक्रमण की चपेट में होने से इनकी समुचित सफाई नहीं हो पाती है. प्राय: देखा गया है कि अनेक स्थानों पर नालियां दिखाई ही नहीं देती है.

आधा दर्जन नाले मिलते नदी में- विडम्बना यह है कि स्थानीय छोटे-बड़े करीब आधा दर्जन नालों की निकासी नदी में जाकर मिलती है, सीधे तौर पर नालों का गंदा पानी नदी में पहुंचता है. ऐसे में नदी की स्वच्छता कैसे बरकरार रहेगी. जितनी दुर्दशा स्थानीय अजनार नदी की हो रही है संभवत: उतनी दुर्दशा अन्य किसी जगह नदियों की नहीं दिखाई देती.

आबकारी विभाग ने की अवैध मदिरा जप्त

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 23 जनवरी, सं. सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे द्वारा वृत्त सारंगपुर क्षेत्र के कंजर अड्डा, बुडनपुर, बनी, निशाना, इकलेरा, भूरा खेडी एवं व्रत नरसिंहगढ के तलेन कंजर अड्डा, ग्राम आमलर के संदिग्ध स्थलो पर दबिश दे कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण कायम कर 53 ली. हाथ भट्टी कच्ची मदिरा एवं 320 किलो महुआ लहान विधिवत रूप से मौके पर नष्ट किया. जप्त मदिरा एवं महुआ लहान का अनुमानित मूल्य 42600 रुपए है एवं चार स्थान पर खाली तलाशी बनाई. कार्रवाई में वृत्त खिलचीपुर प्रभारी अंकित चौहान, वृत्त ब्यावरा प्रभारी दीपक राजपूत, परीविक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक अर्चना भवारे, मुख्य आरक्षक मोहन यादव, परीविक्षाधीन आबकारी आरक्षक शिवम पचाया, संजय देशवाली, रशिका साहू, दिव्यांशी गौर, विकास अस्थाया ने योगदान दिया.

27 नवप्रवेशी बच्चों का विद्यारंभ संस्कार

नवभारत न्यूज, पचोर 23 जनवरी, सं. संस्कार एकेडमी में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा, संस्कार और उल्लास के साथ मनाया गया. विवेकानंद परिसर स्थित प्री-प्राइमरी एजुकेशन के आधार ब्लॉक में सुबोध संस्कार कार्यक्रम के अंतर्गत 27 नवप्रवेशी बच्चों का वैदिक पद्धति से अक्षर पूजन कर विद्यारंभ संस्कार संपन्न कराया गया. कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के डायरेक्टर विवेक शर्मा एवं प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बसंत पंचमी के महत्व, विद्या के मूल्य तथा संस्कारों की उपयोगिता बताई. इस अवसर पर विद्यालय के कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद एवं कवंल प्रीत, रियांशी गोयल, उमेश नागर, सौरव शर्मा उपस्थित रहे.

द्वितीय पुण्य स्मरण

पर सादर श्रद्धासुमन

स्व. बृजमोहन चौरसिया
पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, राजगढ
जन्म दिनांक: 13-10-1956
प्रभु मिलन: 24-01-2024

श्रद्धानवत
सत्यनारायण चौरसिया ज्येष्ठ भ्राता,
गजेन्द्र चौरसिया अनुज, विकास चौरसिया पुत्र
गौरव चौरसिया एवं अभिषेक चौरसिया भतीजे,
पुत्री नुपुर, राधिका, प्रणिका, मौरांश, मौरांगी, अक्षिक एवं
समस्त चौरसिया परिवार होलीबाडा राजगढ

प्रतिष्ठान
चौरसिया न्यूज, चौरसिया मिल्क्स,
कॉन्ट्रेक्टर एंड सप्लायर्स, राजगढ़